अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

PAGE NO : 03 MIDDLE

# वुमेन क्रिकेट: देहरादून स्ट्राइकर्स व एसआरएमएस का जीत से आगाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली



वुमेन क्रिकेट लीग में शॉट लगाती खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमेन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट शुरू
- एसआरएमएस ने 62 रन से और देहरादून स्ट्राइकर्स ने 8 रन से हासिल की जीत

**अमृत विचार :** बरेली क्रिकेट एसोसिएशन एवं एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी वुमेन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट की शुरुआत हुई।

पहले दिन श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में पहला मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और दिल्ली दबंग वुमन्स के बीच खेला गया। दिल्ली दबंग की कप्तान गरिमा बिष्ट ने टॉस जीतकर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को पहले खेलने के लिए आमंत्रित किया। एसआरएमएस ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। इसमें मुस्कान ने 61, मीनाक्षी यादव ने 24, गुंजन ने 25, कप्तान मुस्कान खान ने 12 रनों का योगदान दिया। दिल्ली दबंग की ओर से सौम्या ने 2 विकेट और श्रद्धा तिवारी ने 1 विकेट हासिल किया। दिल्ली दबंग वुमेन्स की टीम 7 विकेट खोकर 91 ही बना सकी और एसआरएमएस ने 62 रन से मैच जीता। दिल्ली की भूमिका ने 16, नेहा ने 27 और लक्ष्मी ने 19 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस की मुस्कान को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में देहरादून स्ट्राइकर्स की कप्तान आराधना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 132 रन बनाए। नीलम बिष्ट ने 51 रन बनाए। जवाब में हल्द्वानी क्विंस की टीम नौ विकेट पर 124 रन बना सकी और देहरादून ने 8 रन से जीत हासिल की। देहरादून की नीलम बिष्ट को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि गुड लाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. नितिन शर्मा ने उद्घाटन मैच खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय लिया और खेल के लिए शुभकामनाएं दी।

मैच में अंपायरिंग हृदेश कुमार और सौरभ कुमार ने की। अनुज शर्मा थर्ड अंपायर और कुणाल स्कोरर रहे। कमेंट्री की जिम्मेदारी यूसुफ अंसारी ने संभाली। कोच मनीष सिंह ने बताया कि बुधवार के मुकाबले सुबह 9 बजे दिल्ली दबंग वुमन्स और देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स और दोपहर 12 बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम हल्द्वानी क्विन्स वुमन्स के बीच खेले जाएंगे।